# कार्यालय :– प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम (म0प्र0)

//आदेश//

कमांक 381 /दो–11–17/24 नर्मदापुरम,दिनांक 21 /04/25

मैं, रामकुमार चौबे, प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम कार्यविभाजन आदेश वर्ष 2024 में निम्नानुसार आंशिक संशोधन प्रतिस्थापित करता हूँ :–

1– कार्यविभाजन आदेश 2024 के पेज कमांक 7,8 एवं 9 पर वर्णित कंडिका 11 प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी, कंडिका 12 द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी एवं कंडिका 13 तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी को विलोपित करते हुये, कंडिका 11 एवं 12 निम्नानुसार प्रतिस्थापित की जाती है :–

| क. | न्यायालय का नाम | क्षेत्र | श्रवणाधिकार |
|---|---|---|---|
| 11 | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश एवं प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इटारसी (श्रीमती अनीता खजुरिया) | सेशन खंड नर्मदापुरम<br><br>तहसील इटारसी | 1– तहसील मुख्यालय इटारसी के क्षेत्राधिकार के लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO Act, 2012) से संबंधित समस्त प्रकरणों का निराकरण,रिमांड, जमानत याचिकायें एवं अन्य कार्यवाही।<br>2– बालकों के विरूद्ध अपराधों अथवा बाल अधिकारों के अतिकमण के अपराधों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण।<br>3– श्रीमती आयुषी गुप्ता, द्वितीय सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इटारसी एवं श्रीमती प्राची कौरव, प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इटारसी के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, इटारसी के निर्णय तथा आदेशों के विरूद्ध नियमित सिविल अपीलें एवं विविध अपीलें।<br>4– न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी इटारसी (श्रीमती आयुषी गुप्ता एवं श्रीमती प्राची कौरव) के निर्णय/आदेशों के विरूद्ध प्रस्तुत होने वाली आपराधिक अपीलें तथा पुनरीक्षण याचिकायें।<br>5– हिन्दु दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम 1956<br>6– इंडियन ल्यूनेंसी ऐक्ट 1912 के अंतर्गत समस्त प्रकरण।<br>7– प्रोबेट एवं प्रशासन पत्र के मामले |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | जिनका मूल्यांकन 2 लाख से कम हो<br>8— प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा समय समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरणों का निराकरण।<br>9— स्वयं के न्यायालय से उद्भूत होने विविध सिविल वाद एवं प्रर्वतन आवेदन पत्र तथा अन्य समस्त विविध मामले। |
| | | थाना इटारसी एवं केसला | 10— कॉलम नंबर 03 में वर्णित क्षेत्र के क्षेत्राधिकार में दुर्घटना घटित हुई हो अथवा आवेदक निवास करता हो अथवा प्रतिवादी निवास करता हो, के मोटर व्हीकल ऐक्ट 1938 तथा 1988 के अधीन मोटर दुर्घटना दावा के समस्त प्रकार के मामले।<br>11— कॉलम नंबर 03 में वर्णित क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले सेशन मामले, जमानत आवेदन पत्र।<br>12— कॉलम नंबर 03 में वर्णित क्षेत्रांतर्गत हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 एवं विवाह संबंधी ऐसे वाद एवं आवेदन जिनकी सुनवाई की अनन्य अधिकारिता जिला न्यायाधीश, स्तर के न्यायालय को प्राप्त है। |
| 12 | तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, तृतीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इटारसी<br>(श्री आदित्य रावत) | सेशन खंड नर्मदापुरम<br><br>तहसील इटारसी | 1— 1,00,00,001/—से अधिक तथा 10,00,00,000/—तक के मूल्यांकन के सभी प्रकार के सिविल वाद प्रकरण। उक्त सिविल वाद तथा लघु वाद मामलों से उत्पन्न विविध न्यायिक मामलें तथा निष्पादन मामले।<br>2— श्री सूर्यपाल सिंह राठौर, प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इटारसी एवं श्री यतिन अग्रवाल, प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इटारसी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, इटारसी तथा तहसील इटारसी के सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड/कनिष्ठ खंड के रिक्त न्यायालयों के सिविल/दांडिक निर्णय तथा आदेशों के विरूद्ध नियमित सिविल/विविध अपीलें एवं आपराधिक अपीलें तथा पुनरीक्षण याचिकायें। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 3— कॉलम नंबर 03 के क्षेत्राधिकार के म0प्र0 रियल स्टेट रेग्यूलेटॉरी एथोरिटी (**RERA**) भोपाल द्वारा धारा 40 रियल स्टेट (रेग्यूलेशन एंड डव्लपमेंट) अधिनियम 2016 एवं नियम 26 म0प्र0 रियल स्टेट (रेग्यूलेशन एंड डव्लपमेंट) नियम 2016 के अंतर्गत प्रकरणों में पारित आदेशों के निष्पादन प्रकरण।<br>4— ऐसे समस्त जिला/अपर सेशन न्यायाधीश एवं लिंक कोर्ट न्यायालय जो वर्तमान में कार्यरत नहीं हैं। उन समस्त न्यायालयों द्वारा निराकृत समस्त प्रकार के सिविल/आपराधिक प्रकरणों से उदभूत समस्त प्रकरणों एवं अपीलीय न्यायालय से प्राप्त प्रकरणों का निराकरण।<br>5— वन विधि से संबंधित सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय प्रकरण<br>6— संरक्षकता एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 एवं 1956 के तहत मामले।<br>7— म0प्र0 स्थान नियंत्रण अधिनियम, 1961 से संबंधित अपीलों का निराकरण।<br>8— न्यास अधि0 1951 के अंतर्गत मामले।<br>9— माध्यस्थम अधिनियम 1996 के अंतर्गत मामले।<br>10— न0पा0 अधिनियम 1961 के अंतर्गत पुनरीक्षण/अन्य याचिकाऐं।<br>11— प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा समय—समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरणों का निराकरण। |
| | | थाना रामपुर गुर्रा, थाना जी0आर0पी0 तवानगर एवं पथरौटा | 12— कॉलम नंबर 03 में वर्णित क्षेत्र के क्षेत्राधिकार में दुर्घटना घटित हुई हो अथवा आवेदक निवास करता हो अथवा प्रतिवादी निवास करता हो, के मोटर व्हीकल एक्ट 1938 तथा 1988 के अधीन मोटर दुर्घटना दावा के समस्त प्रकार के मामले।<br>13— कॉलम नंबर 03 में वर्णित क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले सेशन मामले, जमानत आवेदन पत्र। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 14— कॉलम नंबर 03 में वर्णित क्षेत्रांतर्गत हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 एवं विवाह संबंधी ऐसे वाद एवं आवेदन जिनकी सुनवाई की अनन्य अधिकारिता जिला न्यायाधीश, स्तर के न्यायालय को प्राप्त है। |

2— आवश्यक कार्य के निराकरण के चार्ट में निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है :—

पेज कमांक 20 की कंडिका 6 से 11 तक की कंडिकायें विलोपित की जाकर उनके स्थान पर 6 से 10 तक की कंडिकायें पुनः निम्नानुसार प्रतिस्थापित की जाती हैं :—

| क्र. | अवकाश पर रहने वाले न्यायिक अधिकारी का नाम | कॉलम नं0 2 के न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर रहने पर | कॉलम नं0 2 एवं 3 के न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर रहने पर | कॉलम नं0 2,3 व 4 के न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर रहने पर |
|---|---|---|---|---|
| 6 | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी | तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी | तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम |
| 7 | तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम |
| 8 | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, सोहागपुर | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी |
| 9 | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, सोहागपुर | तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी |
| 10 | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया | प्रथम जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, पिपरिया | द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, सोहागपुर | तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, इटारसी |

21.4.25

प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
नर्मदापुरम (म0प्र0)

पृ0 क. 1285/सां0लि0/2024 नर्मदापुरम,दिनांक 21/04/25

कार्यविभाजन पत्रक 2024 में आंशिक संशोधन की प्रतिलिपि :-

01- माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

02- समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला स्थापना, नर्मदापुरम/इटारसी/सिवनी मालवा/सोहागपुर/पिपरिया

03- अध्यक्ष/सचिव अधिवक्ता संघ, नर्मदापुरम/इटारसी/सिवनी मालवा/सोहागपुर/पिपरिया

04- प्रस्तुतकार सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम

05- पंजीयन लिपिक, नर्मदापुरम

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वास्ते - प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
नर्मदापुरम (म0प्र0)